# स्लोवाकिया के राष्ट्रपति द्वारा आयोजित राजकीय भोज में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का सम्बोधन

**ब्रातिस्लावा: 9 अप्रैल, 2025**

मुझे आपके खूबसूरत देश में आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। हम स्लोवाक गणराज्य की सरकार और यहां की जनता द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत और आतिथ्य से अभिभूत हैं। आपके उदार शब्दों और भावनाओं के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं भी आपके प्रति यही भावनाएं अभिव्यक्त करती हूँ। मैं भारत के साथ संबंधों के प्रति आपकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए आपकी सराहना करती हूँ।

मैं इस अवसर पर भारत के 1.4 अरब से अधिक लोगों की ओर से स्लोवाक गणराज्य की मैत्रीपूर्ण जनता को हार्दिक स्नेह एवं शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं।

महामहिम, जैसा कि मैंने आज सुबह आपको बताया, यह स्लोवाक गणराज्य की मेरी पहली यात्रा है। जब मुझे पता चला कि बॉलीवुड फिल्म “चेहरे” में दिखाए गए अद्भुत दृश्यों को यहीं फिल्माया गया था, तो मुझे इस बात पर कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि ऐसा क्यों किया गया। आपके देश के सौन्दर्य तथा आपके लोगों की जीवंतता का प्रत्यक्ष अनुभव करने के बाद, मुझे विश्वास है कि और अधिक बॉलीवुड फिल्मों के filming के लिए स्लोवाकिया को चुना जाएगा।

देवियो और सज्जनो,

भारत और स्लोवाकिया के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं जो पारस्परिक सम्मान, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। दोनों देश अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। हमारे व्यापारिक संबंध विकसित हो रहे हैं और विगत कुछ वर्षों में यहाँ भारतीयों की संख्या में तीव्र वृद्धि हुई है।

तथापि, मित्रता की सच्ची परीक्षा संकट के समय ही होती है। Ukraine से भारतीय छात्रों की निकासी के दौरान स्लोवाकिया का अटूट समर्थन उसकी उदारता, करुणा और मजबूत मानवीय भावना का प्रमाण था। भारत सदैव स्लोवाकिया की मित्रता को याद रखेगा, जिससे सच्चे partners और मित्र के रूप में हमारे संबंध और मजबूत होंगे।

मुझे यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि भारत की विरासत और परंपराएँ हमारे स्लोवाक मित्रों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। योग और आयुर्वेद से लेकर भारतीय व्यंजनों तक, स्लोवाकिया में भारतीय संस्कृति के प्रति दिखाई देने वाला प्रेम दोनों देशों के लोगों के बीच बढ़ते मजबूत संबंधों का प्रमाण है। स्लोवाक भाषा में उपनिषदों का हाल ही में हुआ अनुवाद एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो अधिक स्लोवाक मित्रों को भारत की प्राचीन शिक्षाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

देवियो और सज्जनो,

भारत ने पिछले दशक में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आर्थिक विकास से लेकर space technology तक, स्वास्थ्य सेवा से लेकर renewable energy में innovations तक, भारत निरंतर प्रगति और विकास के ऐसे पथ पर अग्रसर है जो समावेशी और sustainable है।

जैसे-जैसे भारत एक विकसित देश और एक अग्रणी वैश्विक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम स्लोवाक गणराज्य जैसे अपने करीबी साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना जारी रखेंगे। भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' (विश्व एक परिवार है) और 'सर्वजन सुखिन: भवन्तु' (सभी सुखी रहें) के अपने आधारभूत मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, वैश्विक शांति और साझा समृद्धि के लिए एक शक्ति बना रहेगा।

आज, हम दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग के संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। हम अपने लोगों और आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्ध, समावेशी और sustainable भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

इसी आशा के साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए मेरे साथ मिलकर:

- *स्लोवाक गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति के स्वास्थ्य एवं कल्याण,*

- *स्लोवाक गणराज्य के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि; तथा*

- *स्लोवाक गणराज्य और भारत के बीच चिरस्थायी मैत्री*

की कामना करते हैं।

धन्यवाद!

****